महत्वपूर्ण एवं खास

सावित्री राइसमिल में लगी भीषण आग

दमकल व पुलिस अमला मौके पर

रायगढ़। शहर के सहदेवपाली स्थित सावित्री राईसमिल मे भीषण आगजनी से करोडों के नुकसान की खबर मिल रही है । घटना अपरान्ह 1:30 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलने के बाद दमकल और पुलिस विभाग ने मोर्चा संभाल लिया है। सहदेवपाली स्थित सावित्री राइसमिल के संचालक सत्यनारायण अग्रवाल ने बताया कि शनिवार दोपहर जब वे मिल से अपने घर गांधीगंज भोजन करने आये हुये थे उसी वक्त राइसमिल मे भीषण आग लगने की सूचना मिली। खबर मिलते ही मिल मालिक मौके पर पंहुचे और दमकल तथा पुलिस को सूचित किया। कड़ी मशक्कत के बाद जब तक फायर ब्रिगेड अमला आग पर काबू पाता तब तक करोड़ों का माल स्वाहा हो चुका था। राइसमिल संचालक के मुताबिक आग शार्ट सर्किट से नहीं लगी है बल्कि कोई अन्य कारण घटना के लिये जवाबदार है। पुलिस विभाग मामले की तफ्तीश मे जुट गया है।

महिला से छेड़खानी, मामला दर्ज

रायगढ़। थाना सारंगढ़ अन्तर्गत निवासरत महिला ने उसके गांव के एकादशिया सतनामी द्वारा दिनांक 29.05.2019 के शाम घर घुसकर छेडखानी करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है । पीडित महिला ने बताया कि दिनांक 29.05.19 के शाम करीब 05:00 बजे घर के एक कमरे में आराम कर रही थी , दूसरे कमरे में इसका पति लेटा हुआ था । तभी गांव का एकादशिया सतनामी घर अंदर घुसकर बेईज्जती करने की नियत से इसका हाथ बांह को पकड़ कर खींच रहा था । तब महिला चिल्लाई तो उसका बेटा आ गया जिसे देखकर एकादशिया घर से भाग गया । छेडखानी की रिपोर्ट पर थाना सारंगढ़ में आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 244/19 धारा 354, 451 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।

सूने मकान का ताला तोड़कर हजारों रूपये पार

रायगढ़। मेडिकल कॉलेज रायगढ में सहायक प्राध्यापक लक्ष्मणेश्वर कुमार सोनी पिता दीनबन्धु सोनी उम्र 32 वर्ष बन्दे अली फात्मी नगर सर्किट हाउस रायगढ़ के HIG मकान में निवासरत है । दिनांक 28.05.19 को प्राध्यापक सोनी शासकीय काम से एम्स रायपुर गये हुये थे । दिनांक 30.05.19 को गोडवाना एक्सप्रेस से लौटते समय प्राध्यापक सोनी ने अपने ड्रायवर को घर से कार लेकर स्टेशन आने के लिए बोला । तब ड्रायवर कार लेने घर पहुंचा और घर का कुंदा टुटा हुआ देखकर लक्ष्मणेश्वर सोनी को फोन कर घर में चोरी होने की जानकारी दिया । लक्ष्मणेश्वर सोनी के घर से अज्ञात आरोपी दिनांक 30.05.19 के रात्रि घर के अलमारी से नगदी रकम 20,000 रुपये, सोने की अंगुठी व चांदी का बिछिया 05 नग जुमला कीमती 40,000 रुपये को चोरी कर ले गया है, चोरी के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में अप.क्र. 411/19 धारा 457, 380 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना के तहत 15 तक आवेदन आमंत्रित

रायगढ़। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ द्वारा स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने वाले इच्छुक आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदक अपना आवेदन समस्त दस्तावेजों के साथ दो प्रतियों में 15 जून 2019 तक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ में जमा कर सकते है। उक्त योजना के तहत आवेदकों की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य हो तथा (अजा, अजजा, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, निश्शक्तजन, नक्सल प्रभावित, सेवा निवृत्त सैनिक को आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट) की पात्रता होगी।

सिंगल फर्नीचर शोरूम में लगी भीषण आग, करोड़ों का सामान जलकर हुआ खाक

» दमकल की आधा दर्जन गाड़ियों द्वारा 100 से अधिक टैंकर पानी से बुझाई गई आग

» लगभग 3:00 बजे से लगी है » पुलिस प्रशासन व दमकल विभाग जुटे आग बुझाने में

रायगढ़ (आरएनएस)। जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंगल फर्नीचर में भीषण आग लग गई है लगभग रात 3:00 बजे से लगी आग पर आधे दिन निकल जाने के बाद भी काबू नही पाया जा सका है। रविवार सुबह 3 बजे से सिंघल फर्नीचर शॉप में आग लगी है।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और ऊपर की मंजिल पर रखे फर्नीचर को भी अपने चपेट में ले लिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास शुरू की। आग की खबर सुन आस-पास रहने वाले लोग भी वहां पहुंच गए थे। बड़ी मशक्कत के बाद दो से तीन घंटे में आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक दुकान में रखा फर्नीचर जलकर खाक हो चुका था। आग लगने का कारण अभी साफ नहीं हो पाया है। लोगों को डर था कि यह आग कहीं आस-पास के मकानों को अपनी चपेट में न ले ले। जानकारी के अनुसार अभी भी फायर बिग्रेड की टीम मौके है। सिंगल फर्नीचर और लकड़ी टाल जल के स्वाहा हो गया। बताया जा रहा है कि लगभग 2 से 3 करोड़ के आसपास का नुकसान हुआ है। आगजनी की सूचना मिलते रायगढ़ एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा रायगढ़, एसडीएम भागवत जयसवाल, सीएससी अविनाश सिंह ठाकुर, कोतवाली टीआई सहित तीनों थाने कोतरा रोड, जुटमिल चौकी, चक्रधर नगर थाना के टीआई मौके पर पहुंचे थे।

बताया जा रहा है कि सबसे पहले स्थानीय लोगों को आग लगने की जानकारी हुई जिसके बाद वे अपने स्तर पर आग पर काबू पाने की कोशिश करते रहे साथ ही घटना की जानकारी पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना के करीब 15 से 20 मिनट बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची तब तक आग भयावह रूप ले चुकी थी। वहीं बताया जा रहा है कि पुलिस प्रशासन द्वारा आग पर काबू पाने के लिए बटालियन से अतिरिक्त पुलिस बल लाया गया था।

आग पर काबू पाने आधा दर्जन से अधिक फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची था। जिसमें जिंदल, नलवा, कोरबा वेस्ट, एनटीपीसी व नगर निगम की फायर बिग्रेड शामिल है। बताया जा रहा है फायर बिग्रेड द्वारा आग पर काबू पाने 100 से ज्यादा बार फायर ब्रिगेड की टीम पानी के लिए राऊड लगाये थे जब जाकर आग पर काबू पाया गया।

कलेक्टर ने तहसील कार्यालय रायगढ़ का किया आकस्मिक निरीक्षण

भू-अर्जन, सीमांकन, नामांतरण के लंबित प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से करने के दिए निर्देश

रायगढ़। कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज तहसील कार्यालय रायगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण करके अधिकारियों से भू-अर्जन, डायवर्सन के प्रकरण, आरबीसी 6-4 के तहत सीमांकन, नामांतरण, कोर्ट के प्रकरण के लंबित एवं निराकृत आवेदनों की जानकारी ली। उन्होंने एसडीएम रायगढ़ एवं तहसीलदार को धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से करने के सख्त निर्देश दिए है। उन्होंने तहसील कार्यालय के भू-अर्जन शाखा, न्यायालय कक्ष एवं तहसीलदार कक्ष का निरीक्षण करके लंबित प्रकरणों के संबंध में अधिकारियों से जवाब-तलब किया।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान तहसील कार्यालय कक्ष में तहसीलदार से सीमांकन, नामांतरण के संबंध में जानकारी ली और तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा कि पटवारी या आरआई के प्रतिवेदन के कारण प्रकरण लंबित है तो नोटिस जारी करके उनके ऊपर कार्यवाही करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी। कलेक्टर ने भू-अर्जन शाखा में निरीक्षण करके रजिस्टर पंजी एवं कोर्ट प्रकरण के निराकृत आवेदनों की जानकारी ली। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर संवित मिश्रा, रायगढ़ एसडीएम भागवत जायसवाल, तहसील कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

सेवानिवृत्त हुये 05 पुलिसकर्मियों को ससम्मान दी गई विदाई

रायगढ़। 31 मई को पुलिस विभाग में सेवा देते हुए अपनी अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर कर विभाग से सेवा निवृत्त होने वाले 05 पुलिसकर्मियों के सम्मान के लिये कल पुलिस कन्ट्रोल यम रायगढ़ में विदाई कार्यक्रम रखा गया था। सेवा निवृत्त होने वाले सउनि फूलसिंह मिंज थाना घरघोड़ा, प्रधान आरक्षक मुटुकराम भगत डीएसबी, प्र.आर. बुंदराम पटेल यातायात, प्र.आर. कौशलेस पाठक लैलूंगा एवं स्वेच्छिक सेवानिवृत्त लेने वाले प्र.आर. श्रीराम पटेल थाना अजाक में पदस्थ थे ।

विदाई कार्यक्रम सायं करीब 4 बजे प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे द्वारा सेवा निवृत्त हो रहे अधिकारी/ कर्मचारियों के संक्षिप्त जीवन परिचय से सभी को अवगत कराये । तत्पश्चात अति. पुलिस अधीक्षक आर.पी. भैय्या, सीएसपी अविनाश सिंह ठाकुर, डीएसपी ट्राफिक आर.के. मिंज, डीएसपी बेनेडिक्ट मिंज द्वारा सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को एक-एक कर शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिहिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। उसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित थाना प्रभारी, थानों के स्टाफ, पत्रकार बंधु व सेवा निवृत्त के परिजनों ने सेवानिवृत्त अधिकारी/ कर्मचारियों को पुष्पगुच्छ/ पुष्पहार भेंट कर शुभकामाएं दिये।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं एडवाईजरी बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में तमाम सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Tarun 90% Yamini 98% Shraddha 93% Priyanka 96% Prerna 84% Hitendra 99% Akanksha 90% Geetanjali 99% Chetna 94% Arpita 93% Arpita 98% Rakesh 97% Sejal 88% Shiva 97%

Topper Students Last Session

Sushant 92% Prince 97% Kusum 98% Abhishek 99% Ayush 93% Prachi 97% Tulika 96% Pari 96% Aradhya 97% Ananya 99% Ashish 96% Ankita 99%

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480